# कक्षा 3 हिंदी

# पाठ – 11 (जब मुझे साँप ने काटा)

---

## कहानी की बात

**प्रश्न 1. नाना मुझे झाड़-फूँक वाले आदमी के पास क्यों ले गए?**

**उत्तर-** नाना ने देखा कि ऊँगली पर नीला निशान पड़ गया| उन्होंने समझा साँप ने काट लिया है, इसलिए साँप के काटे का झाड़-फूँक से इलाज़ करने वाले आदमी के पास ले गए|

**प्रश्न 2. मैं बूढ़े आदमी को क्या बताना चाहता था?**

**उत्तर-** मैं बूढ़े आदमी को बताना चाहता था कि मुझे साँप ने नही, बल्कि बर्र ने काटा है|

**प्रश्न 3. जब साँप नारियल के खोल में घुस गया तो मैंने क्या किया था? मैंने ऐसा क्यों किया होगा?**

**उत्तर-** जब साँप नारियल के खोल में घुस गया तो मैंने एक पत्थर के टुकड़े से खोल का मुँह बंद कर दिया था| मैंने ऐसा अनजाने में किया होगा|

**प्रश्न 4. क्या बूढ़े आदमी ने सचमुच मेरा इलाज़ कर दिया था? तुम ऐसा क्यों सोचते हो?**

**उत्तर-** बूढ़े आदमी ने सचमुच इलाज़ नही किया था| हम ऐसा इसलिए सोचते है कि तुम्हें साँप ने काटा ही नहीं था|

**प्रश्न 5. मुझे असल में साँप ने नही काटा था| फिर मैंने कहानी का नाम जब मुझको साँप ने काटा क्यों रखा है? तुम इससे भी अच्छा कोई नाम सोचकर बताओ|**

**उत्तर-** मैंने कहानी का यह नाम इसलिए रखा, क्योंकि नाना-नानी तथा झाड़-फूँक वाले ने यही समझा कि मुझे साँप ने काटा है| इस कहानी का शीर्षक- ‘झाड़-फूँक’ या ‘नाना की नासमझी’ हो सकता है|

## उई माँ

**प्रश्न- कहानी में लड़के को बर्र काट लेती है| बर्र का डंक होता है| कुछ और कीड़ों (जन्तुओं) का नाम लिखो जो डंक मारते हैं?**

**उत्तर-** मधुमक्खी, बिच्छु, ततैया|

## तुम्हारी बात

**प्रश्न 1. मैं बूढ़े को कुछ बताना चाहता तह पर बता न सका| क्या तुम्हारे साथ भी कभी ऐसा हुआ है?**

**उत्तर-** हाँ, मेरे साथ भी ऐसा कुछ हुआ है| जब मैं मम्मी को यह बनाना चाहता था की मुझे किसी न नही मारा, बल्कि यह चोट मुझे खुद गिरने से लगी है, लेकिन बता नही सका|

**प्रश्न 2. क्या तुमने कभी साँप देखा है? तुमने साँप कहाँ देखा? उसे देखकर तुम्हे कैसा लगा?**

**उत्तर-** मैंने साँप चिड़ियाघर में देखा है| उसे देखकर मुझे डर लगा|

**प्रश्न 3. अपने घर पर पूछो कि अगर किसी को साँप काट ले तो वे क्या करेंगे?**

**उत्तर-** अपने घर पूछने पर पता चला कि यदि किसी को साँप काट ले तो उसे तुरंत अस्पताल ले जाएँगे व ज़हर उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे|

## अब क्या करें?

**प्रश्न- तुम क्या करोगी अगर तुन्हें या तुम्हारे आस-पास:**

***किसी को बर्र काट ले?**

**उत्तर-** साफ़ लोहे की चीज़ से उसे स्थान को रगड़ देंगे| यदि नौसादर हो तो वह लगा देंगे|

***किसी को चोट लग जाए?**

**उत्तर-** उसे प्राथमिक सहायता देंगे| पट्टी बाँधेंगे और फिर अस्पताल ले जाएँगे|

***किसी की आँख में कुछ पड़ जाए?**

**उत्तर-** उसकी आँख की ऊपरी और निचली पलक को हलके से पकड़कर हिला देंगे व स्वच्छ पानी से उसकी आँख धुलवाएँगे|

***किसी की नाक़ से खून बहने लगे?**

**उत्तर-** उसे पीठ के बल लिटाकर सिर नीचे झुका देंगे और सिर पर ठंडा पानी डालेंगे|

**कक्षा में इन प्र बातचीत करो| हो सके तो किसी नर्स या डॉक्टर को कक्षा में आमंत्रित करो|**

**उत्तर-** छात्र अपने अध्यापक की सहायता से किसी नर्स या डॉक्टर को बुलाकर बातचीत करें|

## ज़रा सोचो तो

**प्रश्न 1. नारियल के खोल जैसी और कौन-सी चीज़ों में साँप छिप सकता था?**

**उत्तर-** टूटी हुई हँडिया में, घास-फूस में, टूटे-फूटे बर्तनों में, टूटे-फूटे खिलौनों में|

**प्रश्न 2. वह खोल अहाते में कैसे पहुँचा होगा?**

**उत्तर-** नारियल का इस्तेमाल करने के बाद खोल को किसी ने अहाते में फेंक दिया होगा|

## घर के हिस्से

**नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं| उन शब्दों में से कुछ शब्द घर से संबंधित है| उन पर घेरा लगाओ|**

**उत्तर-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| <u>अहाता</u> | <u>आँगन</u> | <u>बरामदा</u> | <u>ज़ीना</u> | <u>अटारी</u> |
| <u>आला</u> | घेर | <u>सीढ़ी</u> | <u>छत</u> | सड़क |
| <u>रसोई</u> | <u>छज्जा</u> | <u>दालान</u> | अस्तबल | रहत |
| नहर | पुलिया | जोहड़ | डाकघर | <u>टाँड़</u> |
| <u>कमरा</u> | <u>मूँडेर</u> | | | |

## क्या समझे!

**प्रश्न- नीचे लिखे वाक्यों का मतलब बताओ-**

***साँप पास की झाड़ी में गायब हो गया|**

**उत्तर-** साँप पास की झाड़ी में छिप गया|

***वह चट मुझे गोद में उठाकर भागे|**

**उत्तर-** वह जल्दी से मुझे उठाकर दौड़े|

***अब बच्चा खतरे से बाहर है|**

**उत्तर-** अब बच्चा सुरक्षित है, उसकी जान को कोई खतरा नहीं है|

***नाना ने उसके लिए बहुत-सी चीज़े भेंट में भेजीं|**

**उत्तर-** नाना ने उसके इलाज़ के बदले में बहुत-सी चीज़ें उपहार में दी|

## कैसे कहा?

**प्रश्न- अलग-अलग निशानों से पता चला है कि बात कैसे कहीं गई होगी| अब नीचे लिखे वाक्यों में सही निशान लिखो| अब इन्हें बोलकर देखो|**

**उत्तर-**
*नानी चीख उठी साँप!
*चुपचाप बैठो हिलना-डुलना मत|
*साँप धीरे-धीरे रेंग रहा था|
*तुम्हें यह कहानी कैसी लगी?
*क्या तुम बाज़ार चलोगी?
*अहा! कितनी मीठी है!

## क्या कहोगे

**प्रश्न- तुम लड़के को क्या कहोगे? कारण देकर बताओ|**
**निडर, नादान, होशियार, शरारती, डरपोक, शर्मिला|**
**(याद रखो वह खोल में साँप लेकर भागा था|)**

**उत्तर-** नादान

## दो-दो बार

**साँप <u>धीरे-धीरे</u> रेंग रहा था|**

**प्रश्न- यहाँ धीरे शब्द को दो बार इस्तेमाल किया गया है| ऐसे ही और कुछ शब्द लिखो और उनसे वाक्य बनाओ|**

**उत्तर-**

| | |
|---|---|
| **चलते-चलते** | वह चलते-चलते गिर पड़ा| |
| **पीछे-पीछे** | तुम पीछे-पीछे क्यों चल रहे हो |
| **धीरे-धीरे** | धीरे-धीरे चलो| |
| **अलग-अलग** | तुम दोनों अलग-अलग आना| |
| **गरम-गरम** | गरम-गरम समोसे खाओ| |